बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

शिक्षा विभाग, बिहार सरकार से प्राप्त पत्र संख्या– 326, दिनांक– 11.02.2020 के साथ संलग्न विभाग द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति के निर्णय के आलोक में विज्ञापन संख्या – 07/2018 के अन्तर्गत बी. एन. मण्डल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में **संगीत** विषय में सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु अर्हित उम्मीदवारों में से मेधाक्रमानुसार चयनित **उम्मीदवारों का साक्षात्कार दिनांक–18.02.2020 को आयोजित किया जाएगा।**

साक्षात्कार का विस्तृत कार्यक्रम एवं अनुदेश, आरक्षण कोटिवार कट–ऑफ अधिभार अंक आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित कर दिया गया है।

वैसे उम्मीदवार जिन्हें उक्त कट–ऑफ अधिभार अंक के समतुल्य अथवा उससे अधिक अधिभार अंक होने का दावा हो तथा जिन्हें साक्षात्कार के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है, वे अपनी अधिभार अंकों की गणना तालिका एवं संगत प्रमाण पत्रों/अंक पत्रों के साथ अपना आपत्ति अभ्यावेदन मात्र **e-mail: bpscpat-bih@nic.in** से दिनांक– 16.02.2020 संध्या 5:00 बजे तक आयोग में भेज सकते हैं। दिनांक– 16.02.2020 संध्या 5:00 बजे के बाद प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

उम्मीदवारों का साक्षात्कार पत्र आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है जिसे डाउनलोड कर साक्षात्कार में शामिल हो सकते है। **किसी उम्मीदवार को डाक से साक्षात्कार पत्र नहीं भेजा जाएगा।**

विभागीय पत्रांक – 326, दिनांक – 11.02.2020 के आलोक में वि.सं.– 07/2018 के अंतर्गत उम्मीदवारों की अर्हता/अनर्हता से संबंधित पूर्व में आयोग द्वारा कृत सभी कार्रवाई को इस हद तक संशोधित किया जाता है।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि साक्षात्कार के लिए आमंत्रित सभी उम्मीदवारों की अर्हता पूर्णतः औपबंधिक है। उनकी अर्हता पर यथासमय समीक्षा कर यथोचित निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र रहेगा।

13.2.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना